**पक्षपात** प्यारी-1 उपार्जन केंद्र पर किसान की धान खरीदने से किया इनकार

# सहकारी समिति के प्रबंधक पर मनमानी का आरोप





**जमुना-कोतमा नवभारत 31 दिसंबर।** राज्य सरकार जहां किसानों को अन्नदाता मानते हुए उनकी आय और सम्मान बढ़ाने के दावे कर रही है, वहीं ग्राम पंचायत प्यारी क्रमांक-1 स्थित सहकारी समिति में सामने आए हालात इन दावों पर सवाल खड़े कर रहे हैं। यहां समिति प्रबंधक सैयद नफीस अहमद पर नियमों की अनदेखी कर किसान अमित महरा की धान खरीदी से इनकार करने के आरोप लगे हैं।

पीड़ित किसान अमित महरा का कहना है कि वह निर्धारित मापदंडों के अनुरूप धान लेकर उपार्जन केंद्र पहुंचा था, लेकिन प्रबंधक द्वारा बिना किसी लिखित कारण या तकनीकी आपत्ति के उनकी उपज को खरीदने से मना कर दिया गया। किसान का आरोप है कि यह निर्णय पूरी तरह मनमाना है और इससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है

### नियमों से ऊपर अधिकारी?

किसानों के बीच चर्चा है कि समिति में नियम-कायदों का पालन चयनात्मक रूप से किया जा रहा है। सवाल यह उठ रहा है कि यदि धान गुणवत्ता मानकों पर खरी नहीं उतरती, तो उसकी लिखित जांच रिपोर्ट क्यों नहीं दी गई। किसानों का कहना है कि इस तरह की कार्यप्रणाली से सहकारी व्यवस्था की विश्वसनीयता प्रभावित हो रही है

### किसान ने कहा- किया जा रहा है भेदभाव

मामले से आहत किसान अमित महरा ने कहा है कि जब तक उनकी धान की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से खरीदी नहीं होती, तब तक वे धान का उठाव नहीं होने देंगे। उनका कहना है कि यह लड़ाई केवल उनकी नहीं, बल्कि उन सभी किसानों की है जो उपार्जन केंद्रों में भेदभाव का सामना कर रहे हैं।

### किसानों में असंतोष का माहौल

घटना के बाद क्षेत्र के किसानों में असंतोष का माहौल है। कई किसानों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया, तो किसानों को आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। इस मामले में लैंपस प्रबंधक सैयद नफीस अहमद का पक्ष जानने के लिए उनसे मोबाइल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। प्रबंधक की ओर से प्रतिक्रिया नहीं मिलने के कारण स्थिति को लेकर असमंजस बना हुआ है।



# कड़ाके की ठंड से ओस की बूंदें बनीं बर्फ

**अमरकंटक में नए साल पर नर्मदा दर्शन को पहुंचे श्रद्धालु**

**अनूपपुर, नवभारत 31 दिसंबर।** मां नर्मदा की उद्गम स्थली अमरकंटक में शीतलहर का प्रभाव ऐसा है कि रात में गिरने वाली ओस की बूंदें सुबह हल्की बर्फ की परत का रूप ले रही हैं। जिला मुख्यालय में रात का तापमान लगातार 3 से 4 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। नए वर्ष 2026 के स्वागत के लिए अमरकंटक में श्रद्धालुओं और सैलानियों का सैलाब उमड़ने लगा है। नर्मदा नदी के उत्तर और दक्षिण तट, इंद्रदमन तालाब क्षेत्र और उद्यानिकी विभाग के आसपास की घास एवं पौधों पर सुबह सफेद रुई जैसे बर्फ की परत देखी गई।

### रामघाट और उद्यानों में बिछी सफेद चादर

सुबह के समय रामघाट के दक्षिण तट पर बर्फ की चमकदार परत कांच की तरह झिलमिला उठी। दिन का तापमान 20 से 22 डिग्री तक पहुंच रहा है, लेकिन रात के 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाने से दिन-रात के तापमान में लगभग 20 डिग्री का अंतर बना हुआ है। इसी कारण शीतलहर का असर और ज्यादा बढ़ गया है। भीषण ठंड से गरीब, मजदूर और श्रमिक वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। वहीं नर्मदा परिक्रमा पर निकले साधु-संत और परिक्रमावासी भी ठिठुरन का सामना कर रहे हैं।

### श्रद्धा की गर्माहट से ठंड को मात

कड़ाके की सर्दी और मौसम की कठिन परिस्थितियों के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ है। नए वर्ष पर मां नर्मदा के दर्शन कर शुभारंभ करने के लिए सैलानियों का आना लगातार जारी है। परिक्रमा और दर्शन का क्रम बिना रुके निरंतर बना हुआ है।

# जिले के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन



**अनूपपुर, नवभारत 31 दिसंबर।** राष्ट्रीय पेसा महोत्सव के अंतर्गत आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में अनूपपुर जिले के प्रतिभागियों ने मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया।

जिले के खिलाड़ियों ने पुरुष वर्ग में राष्ट्रीय विजेता तथा महिला वर्ग में उपविजेता का खिताब अर्जित कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। यह अनूपपुर के लिए गौरव और उत्साह का क्षण है। प्रतियोगिता से लौटकर अनूपपुर जिले के खिलाड़ियों ने आज प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी से भेंट की और अपनी उपलब्धियों की खुशी साझा की। प्रतियोगिता में पेसा के जिला समन्वयक राजेश सिंह तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के विकासखंड समन्वयक कोतमा मिथिलेश सिंह नेताम के नेतृत्व में मध्य प्रदेश की टीम ने भाग लिया।

### इन खिलाड़ियों ने किया था प्रदेश का प्रतिनिधित्व

अनूपपुर जिले से पुरुष वर्ग में बसंत कुमार सिंह, विक्रम सिंह, त्रिवेंद्र कुमार सिंह एवं गोपाल सिंह तथा महिला वर्ग में पार्वती सिंह, सुषमा रानी, चित्रा कोल और मोनू सिंह धुर्वे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खिलाड़ियों की इस सफलता से पूरे जिले में खुशी का माहौल है और खेल प्रेमियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## सुनील कुमार गर्ग को राष्ट्रपति पुरस्कार

**जबलपुर, नवभारत।** सिविल डिफेंस डिवीजनल वार्डन सुनील कुमार गर्ग जो कि जबलपुर में पदस्थ हैं उन्हें उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए राष्ट्रपति द्वारा घोषित होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा विशिष्ट सेवा पदक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भोपाल में आयोजित मुख्य ध्वजारोहण समारोह के दौरान प्रदान किया गया जो शहर एवं विभाग के लिए गौरव की बात है। इसमें मुख्य बात यह भी है कि सुनील कुमार गर्ग जिले ही नहीं पूरे प्रदेश में ऐसे एकमात्र वार्डन है जिन्हें इस वर्ष यह पदक प्रदान किया गया है। पूरे देश में सिर्फ 3 वार्डनों को इस पदक से सम्मानित किया गया ।

# यहां मिलता है आध्यात्मिक अनुभव : बघेल





**अमरकंटक में छग के पूर्व मुख्यमंत्री ने की मां नर्मदा की पूजा**

**अनूपपुर, नवभारत।** वर्ष 2025 के अंतिम दिवस पर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले स्थित विश्वप्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन नगरी अमरकंटक पहुंचकर मां नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त किया। सुबह उन्होंने नर्मदा मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना और आरती में भाग लिया। भक्ति एवं आस्था के साथ उन्होंने माता नर्मदा के समक्ष नमन कर देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। दर्शन के बाद मीडिया से बातचीत में भूपेश बघेल ने कहा कि मां नर्मदा की कृपा से सभी को सुख, समृद्धि और मानसिक शांति मिले। इस पावन धरती पर आकर जो आध्यात्मिक अनुभव मिलता है, वह जीवन की कठिन परिस्थितियों में भी मार्गदर्शन देता है। उन्होंने कहा कि अमरकंटक की यह यात्रा न केवल धार्मिक महत्व रखती है, बल्कि यह भारतीय सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ने का अवसर भी प्रदान करती है।

### 51 शक्तिपीठों में से एक महत्वपूर्ण स्थान

हिंदू धर्मग्रंथों में वर्णित अनुसार अमरकंटक को भगवान शिव की तपोस्थली माना गया है और यहां स्थित नर्मदा शक्तिपीठ का विशेष महत्व बताया गया है। नर्मदा नदी का यही उद्गम स्थल है, जिसे हिंदू आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। पौराणिक कथाओं और रामायण-पुराणों में भी नर्मदा माता की महिमा का विस्तार से उल्लेख मिलता है।

## एक नजर में

### बिजुरी पुलिस ने वर्ष 2025 में खोजें 55 गुम मोबाइल




**अनुपपुर, नवभारत।** थाना बिजुरी क्षेत्रांतर्गत विभिन्न फरियादियों द्वारा अपने मोबाइल फोन गुम होने की शिकायतें थाना पुलिस को प्रस्तुत की गई थीं। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बिजुरी विकास सिंह के नेतृत्व में इन सभी आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही की गई। तकनीकी सहायता एवं पुलिस टीम के सतत प्रयासों के फलस्वरूप कुल 55 गुम मोबाइल फोन सफलता पूर्वक खोज निकाले गए, जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख रुपये है। आवश्यक सत्यापन एवं वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत सभी मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द कर दिए गए।

### गैर इरादतन हत्या के आरोपी को 10 वर्ष का कारावास




**अनूपपुर, नवभारत।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले की प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश नरेंद्र पटेल की अदालत ने 4 वर्षीय बालक की करंट लगने से हुई मौत के मामले में आरोपी सोनू उर्फ बृजभान महरा को गैर इरादतन हत्या का दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। इस मामले में पैरवी लोक अभियोजक पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा की गई। लोक अभियोजक के अनुसार आरोपी ग्राम गोधन थाना जैतहरी का निवासी है। घटना 10 मार्च 2023 की है, जब आरोपी ने बिजली के पोल से अपने घर तक विद्युत प्रवाह के लिए कटा-फटा स्टे तार लगाया हुआ था। खेलते खेलते चार वर्षीय मासूम अंकुश राठौर उस तार के संपर्क में आ गया, जिससे उसे करंट लगा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

### सीईओ ने प्रशिक्षण में किसानों से किया संवाद



**अनूपपुर, नवभारत।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (वाटरशेड) अंतर्गत जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम गिरारी खुर्द, धरहरकला एवं जीलंग स्थित कस्टम हायरिंग सेंटरों में किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने गिरारी खुर्द के कस्टम हायरिंग सेंटर में टमाटर उत्पादक किसानों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से संवाद कर संचालित कार्यों की जानकारी ली। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र अमरकंटक के वैज्ञानिक डॉ. संदीप चौहान तथा उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक सुभाष श्रीवास्तव सहित वाटरशेड विभाग के अधिकारियों ने किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों एवं उपकरणों के उपयोग संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया। धरहरकला एवं जीलंग के कस्टम हायरिंग सेंटरों में भी इसी प्रकार प्रशिक्षण आयोजित कर किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

### किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करें : प्रभारी कलेक्टर

**अनूपपुर, नवभारत।** प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने आज गूगल मीट के माध्यम से जिले में चल रहे धान उपार्जन कार्य एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में अनुविभागीय दंडाधिकारी, तहसीलदार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में धान उपार्जन की वर्तमान स्थिति, उपार्जन की गति, वारदाना की उपलब्धता, भंडारण व्यवस्था तथा किसानों को भुगतान जैसी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रभारी कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान उपार्जन कार्य में तेजी लाई जाए और किसानों को समय पर भुगतान किसी भी परिस्थिति में बाधित न हो।

## अनारक्षित टिकट बुकिंग पर लाभ की सुविधा

**जबलपुर, नवभारत।** यात्रियों को डिजिटल माध्यम से टिकट बुकिंग के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रेलवे बोर्ड द्वारा रेल वन ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुकिंग पर 3 प्रतिशत लाभ प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान में रेल वन ऐप पर क्रवॉलेट के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुक करने पर 3 प्रतिशत बोनस कैशबैक के रूप में प्रदान किया जा रहा है। अब इस सुविधा को और विस्तारित करते हुए यह निर्णय लिया गया है कि ऐप पर क्र-वॉलेट को छोड़कर अन्य सभी डिजिटल भुगतान माध्यमों से अनारक्षित टिकट बुक करने पर 3 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।

# पुराने विवाद के चलते ड्यूटी से निकाला

**भूतपूर्व सैनिक ने सुरक्षा अधिकारी पर लगाए गंभीर आरोप**

**अनूपपुर, नवभारत 31 दिसंबर।** अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई में तैनात भूतपूर्व सैनिक राम मिश्रा ने सुरक्षा अधिकारी समेत अन्य जिम्मेदारों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने चचाई थाना और मुख्य अभियंता को लिखित शिकायत सौंपते हुए निष्पक्ष जांच और ड्यूटी पुर्नबहाली की मांग की है। राम मिश्रा का कहना है कि सुरक्षा अधिकारी विजय कनौजिया ने पुराने विवाद के चलते उनकी ड्यूटी 16 दिसंबर 2024 से बिना किसी आदेश या सूचना के रोक दी, जो उनके सेवा अधिकार का उल्लंघन है। शिकायत के अनुसार जनवरी 2025 में सुरक्षा अधिकारी ने उन्हें प्लांट से अवैध सामान निकालने का निर्देश दिया था। मिश्रा द्वारा इनकार करने पर मार्च 2025 में 3-4 दिनों के लिए ड्यूटी से हटा दिया गया। मौखिक शिकायत के बाद उन्हें वापस बहाल किया गया था।

### स्क्रैप की कर रहे हेराफेरी

मिश्रा का कहना है कि सुरक्षा अधिकारी विजय कनौजिया और मप्र भूतपूर्व सैनिक कल्याण समिति के सुपरवाइजर रामनिवास राठौर मिलकर प्लांट में स्क्रैप की हेराफेरी कर रहे हैं। साथ ही सुरक्षा सैनिकों से दारू की बोतल और पैसे की मांग की जाती है। इनकार पर नौकरी से निकालने की धमकी और नियमों के विपरीत 16-24 घंटे की ड्यूटी कराने के आरोप भी लगाए गए हैं।

### दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की

मिश्रा ने शिकायत में लिखा है कि सुरक्षा अधिकारी कनौजिया का नाम पहले भी सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारणी में हुए स्क्रैप घोटाले से जुड़ चुका है, जिसके चलते उनका तत्काल तबादला चचाई किया गया था, लेकिन यहां भी उनका रवैया नहीं बदला है। भूतपूर्व सैनिक ने पूरे मामले की जांच, ड्यूटी पुर्नबहाली और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि बिना कारण ड्यूटी बंद करना मेरे अधिकारों का सीधा हनन है।




# कोदो-कुटकी का उपार्जन 15 तक

**अब तक 90 क्विंटल उपार्जन, किसानों को 46 हजार रुपए का भुगतान**

**अनूपपुर, नवभारत ।** रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत अनूपपुर जिले में पहली बार समर्थन मूल्य पर कोदो-कुटकी का उपार्जन किया जा रहा है। जिले में अब तक 14 किसानों से 64.84 क्विंटल कोदो तथा 9 किसानों से 25.07 क्विंटल कुटकी का उपार्जन किया गया है। उपार्जन के विरुद्ध कृषकों को 46 हजार रुपए का भुगतान भी किया जा चुका है।

कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देश पर किसानों की सुविधा के लिए एमपीडब्लूसीएल उपार्जन केंद्र क्रमांक 1, राजेंद्रग्राम में खरीदी की जा रही है। कलेक्टर द्वारा विगत दिवस उपार्जन केंद्र का निरीक्षण भी किया गया। केंद्र का संचालन अमरकंटक हॉर्टिकल्चर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, राजेंद्रग्राम द्वारा किया जा रहा है। जिले के 1787 किसानों ने ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन कराया है। कोदो-कुटकी की खरीदी 15 जनवरी तक जारी रहेगी।

### 1 हजार रुपये प्रति क्विंटल दी जाएगी प्रोत्साहन राशि

श्रीअन्न उत्पादक किसानों से श्रीअन्न कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा खरीफ 2025 में उत्पादित कुटकी 3500 रुपये प्रति क्विंटल तथा कोदो 2500 रुपये प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है। इसके अतिरिक्त किसानों को 1000 रुपये प्रति क्विंटल की प्रोत्साहन राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खातों में प्रदान की जाएगी।

# कोतमा में व्यापारिक विस्तार की नई शुरुआत

**अपोलो टायर्स की डीलरशिप का शुभारंभ कल**

**जमुना कोतमा 31 दिसंबर।** नगर के व्यापारिक परिदृश्य को नई गति देने जा रहा श्री गणेश ट्रेडर्स का भव्य शुभारंभ समारोह 2 जनवरी शुक्रवार को सायं 5 बजे आयोजित किया जाएगा। यह प्रतिष्ठान ज्योति पेट्रोल पंप के सामने, कोतमा में प्रारंभ किया जा रहा है, जहां अपोलो टायर्स के उच्च गुणवत्ता वाले टायर एवं संबंधित सेवाएं उपलब्ध होंगी।

शुभारंभ कार्यक्रम भगवान श्री गणेश के पूजन-अर्चन के साथ प्रारंभ होगा इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, व्यापारी वर्ग, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं शुभचिंतक उपस्थित रहेंगे। आयोजकों के अनुसार, इस प्रतिष्ठान के शुभारंभ से क्षेत्र में आधुनिक सेवाओं की उपलब्धता के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

### नगर में उत्साह का माहौल

कार्यक्रम को लेकर नगर में उत्साह का माहौल बना हुआ है। आशीष मिश्रा ने क्षेत्रवासियों से निवेदन करते हुए कहा है कि वे इस शुभ उद्घाटन समारोह में अवश्य पहुंचे और कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएं। उल्लेखनीय है कि श्री गणेश ट्रेडर्स से संबद्ध श्री गणेश ट्रांसपोर्ट एंड ट्रेडर्स एवं मां दुर्गा लॉजिस्टिक्स भी वर्षों से क्षेत्र में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

## रूपलेखा चौहान की पेंटिंग्स बनीं आकर्षण का केंद्र

**नवभारत, जबलपुर।** चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस के प्रथम चरण के अंतर्गत मानस भवन, जबलपुर में 28 दिसंबर से आयोजित रामायण कला प्रदर्शनी में डॉ. रूपलेखा चौहान की ओरछा-आधारित पेंटिंग्स दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। प्रदर्शनी में उनके द्वारा निर्मित भगवान राजा राम पर आधारित 6 पेन स्केच एवं 6 मधुबनी शैली की पेंटिंग्स विशेष रूप से सराही जा रही हैं।

## जागरूकता ही एड्स से बचाव का उपाय : डॉ. सोनी

**अनूपपुर, नवभारत।** विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में एड्स जागरूकता पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनूपपुर के पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओं डॉ. आरपी सोनी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार सक्सेना के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ तथा अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग डॉ. जे. के. सन्त ने की। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. नीरज श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

**सुरक्षा इंतजाम** नववर्ष पर प्रमुख पिकनिक स्पॉट और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम

# शांति भंग की कोशिश पर होगी कड़ी कार्रवाई : एसपी

**अनूपपुर, नवभारत 31 दिसंबर।** नववर्ष 2026 के स्वागत को लेकर जिले में उत्साह चरम पर है। इसी के साथ शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। 31 दिसंबर की रात से 1 जनवरी तक जिले के सभी प्रमुख पिकनिक स्पॉट, पार्क, होटल, पर्यटन स्थलों, नदी-तालाब किनारों, मुख्य सड़कों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने साफ कहा है कि नववर्ष का जश्न मनाने की छूट सभी को है, लेकिन कानून का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बार महिला सुरक्षा, सड़क हादसों की रोकथाम और शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं।

### संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के निर्देश

धार्मिक व पर्यटन नगरी अमरकंटक सहित जिले के सभी पिकनिक व पर्यटन स्थलों पर भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए सुरक्षा बलों की विशेष तैनाती की गई है। थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि विवाद, मारपीट अथवा महिलाओं से दुर्व्यवहार जैसी घटनाओं को हर हाल में रोकें और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखें।




### तेज रफ्तार, स्टंटबाजी और शराबखोरी पर सख्ती

नववर्ष में सुरक्षा के दृष्टि से एसपी ने सख्तीस दिखाते हुए जिले में तेज रफ्तार बाइकिंग, रेसिंग और स्टंटबाजी पर पूर्ण रोक लगाने, ट्रिपल लोडिंग और यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई करने, शराब पीकर वाहन चलाने वालों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच करने, आवश्यक होने पर वाहन जब्ती और चालानी कार्रवाई के निर्देश दिये गए है। यातायात पुलिस इस दौरान विशेष अभियान चलाएगी और मुख्य मार्गों पर चेकिंग पॉइंट स्थापित किए गए हैं।

### जश्न मनाएं, लेकिन कानून की हद में रहकर

नववर्ष की पूर्व संध्या से लेकर 1 जनवरी की पूरी रात जिले में रातभर गश्त की जाएगी। जिसमें डायल-112 को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रखने, सोशल मीडिया पर अफवाह व आपत्तिजनक पोस्ट पर निगरानी, किसी भी स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। एसपी मोती उर रहमान ने जिलेवासियों से अपील की है कि जश्न मनाएं, लेकिन कानून की हद में रहकर। शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी।